भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 896

उत्तर देने की तारीख 6 फरवरी, 2020

17 माघ, 1941 (शक)

खेलो इंडिया यूथ गेम्स

896. श्री कोथा प्रभाकर रेड्डीः
श्री श्रीनिवास दादासहिब पाटीलः
श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुलेः
श्रीमती वांगा गीता विश्वनाथः
श्री गौतम सिगामणि पोनः
श्री कुलदीप राय शर्माः
डा. अमोल रामसिंह कोल्हेः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या हाल ही में गुवाहाटी, असम में खेलो इंडिया यूथ गेम्स आयोजित किए गए थे और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और आयोजित किए गए खेलों की संख्या कितनी है;

(ख) खेलो इंडिया यूथ गेम्स आयोजन के अंतर्गत प्रति वर्ष आयोजित बहु-विषयक जमीनी स्तर तक के खेलों का ब्यौरा क्या है;

(ग) सरकार द्वारा युवा खेलों के अंतर्गत इसके आरंभ से राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार आबंटित निधि की राशि कितनी है;

(घ) उक्त योजना के अंतर्गत छात्रवृत्ति के लिए चयनित छात्रों की कुल संख्या कितनी है;

(ङ) इस योजना के माध्यम से खिलाड़ियों द्वारा लिए जाने वाले संभावित लाभों का ब्यौरा क्या है; और

(च) सरकार द्वारा दक्षिणी क्षेत्र सहित देशभर में खेलों को बढ़ावा देने के लिए अन्य क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री किरेन रीजीजू)

(क) जी हां। खेलो इंडिया यूथ गेम्स, 2020 गुवाहाटी में 10 जनवरी से 22 जनवरी, 2020 तक आयोजित किए गए थे । इन खेलों में दो आयु समूहों अर्थात अंडर-17 और अंडर-21 में लड़कों और लड़कियों के लिए 20 खेल विधाएं नामत: तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बास्केटबाल, मुक्केबाजी, साईक्लिंग, फुटबाल, जिम्नास्टिक्स, हाकी, जूडो, कबड्डी, खो-खो, लॉन बाल, निशानेबाजी, तैराकी,

टेबल टेनिस, टेनिस, वालीबाल, भारोत्तोलन और कुश्ती थी। देश के सभी 37 राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों के कुल 6130 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

(ख) खेलो इंडिया स्कूल गेम्स, 2018 नई दिल्ली में 31 जनवरी से 8 फरवरी, 2018 तक 16 खेल विधाओं अर्थात तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बास्केटबाल, मुक्केबाजी, फुटबाल, जिम्नास्टिक्स, हाकी, जूडो, कबड्डी, खो-खो, निशानेबाजी, तैराकी, वालीबाल, भारोत्तोलन और कुश्ती में आयोजित किए गए थे। खेलो इंडिया यूथ गेम्स, 2019 का आयोजन 9 जनवरी से 20 जनवरी, 2020 तक पुणे, महाराष्ट्र में 18 खेल विधाओं अर्थात तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बास्केटबाल, मुक्केबाजी, फुटबाल, जिम्नास्टिक्स, हाकी, जूडो, कबड्डी, खो-खो, निशानेबाजी, तैराकी, टेबल टेनिस, टेनिस, वालीबाल, भारोत्तोलन और कुश्ती में किया गया था जिसके बाद 20 खेल विधाओं में खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2020 आयोजित किए गए जैसाकि उपर्युक्त (क) में उल्लिखित है ।

(ग) मंत्रालय ने नई दिल्ली, पुणे और गुवाहाटी में खेलो इंडिया गेम्स आयोजित करने के लिए क्रमश: 42.16 करोड़ रु., 40.71 करोड़ रु. और 50.37 करोड़ रु. खर्च किए।

(घ) खेलो इंडिया स्कीम के ''प्रतिभा खोज और विकास'' घटक के अंतर्गत कुल 2747 खेलो इंडिया खिलाड़ियों का चयन किया गया है। खेलो इंडिया यूथ गेम्स, 2020 के दौरान कुल 540 खिलाड़ियों का चयन किया गया है।

(ड.) खेलो इंडिया स्कीम के ''प्रतिभा खोज और विकास'' घटक के अंतर्गत चयनित खिलाड़ियों को आवासीय प्रशिक्षण सहित निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है। इसके अलावा प्रत्येक खिलाड़ी को 10,000 रु. की दर से मासिक भत्ता दिया जाता है।

(च) खेल राज्य का विषय होने के कारण दक्षिणी क्षेत्र सहित देश में खेलों को बढ़ावा देने का उत्तरदायित्व राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों का होता है। केंद्रीय सरकार देशभर में निम्नलिखित स्कीमें संचालित कर रही है: (i) खेलो इंडिया (ii) राष्ट्रीय खेल परिसंघों को सहायता (iii) राष्ट्रीय खेल विकास निधि (iv) अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतिस्पर्धाओं के पदक विजेताओं और उनके कोचों को विशेष पुरस्कार (v) राष्ट्रीय खेल पुरस्कार (vi) पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय खिलाड़ी कल्याण कोष (vii) मेधावी खिलाड़ियों को पेंशन (viii) खेलों को बढ़ावा देने के साथ-साथ खेलों में उत्कृष्टता के लिए विभिन्न खेल संवर्धन स्कीमों के अंतर्गत भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के माध्यम से संचालित किए जा रहे खेल प्रशिक्षण केंद्र।

****